आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel



# चैंप स्क्वॉयर ने 'शौर्य' कार्यक्रम के तहत जेइइ एडवांस और नीट में सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चैंप स्क्वॉयर संस्थान के इस वर्ष जेइइ एडवांस और नीट में सफल सभी छात्रों ने अपनी सफलता के मूलमंत्र को साझा किया। बताते चलें कि इस वर्ष प्रतीक रतन ने जेइइ मेंस में 613 और एडवांस में 1382 रैंक लाकर शहर में इस संस्थान से पहला स्थान प्राप्त किया। प्रतीक के अलावा इशा, अभिज्ञान, रोनित, एच एम मुस्कान, एचएम कशिश, सार्थक राज, आर्यन, संजीव, अपूर्व, राजीव, अभिनव, आयुष, उज्ज्वल, अनुपम, सुमित, अर्थ, सौम्य, आयुष अग्रवाल, उज्ज्वल दत्ता गर्ग आदि छात्रों को सम्मानित किया गया। इन सभी सफल छात्रों ने 1000 से अधिक छात्रों के समूह को जेइइ और नीट की प्रवेश परीक्षा में सफलता के मूल मंत्र दिये। प्रतीक ने आगामी वर्ष के जेइइ और नीट के छात्रों को शिक्षकों द्वारा पढ़ाया गया हर सब्जेक्ट को अच्छी तरह से समझने की सलाह दी। इसके साथ प्रतिदिन कम से कम 6-7 घंटे के स्वध्याय के रुटीन के बारे में बताया और कहा कि विगत दो वर्षों में सोशल मिडिया (फेसबुक, व्हाटसएप्प) को पूरी तरह से त्याग दिया था और उसने सलाह दी कि अपनी गलतियों को एक अलग नोट बुक बनाये जिससे उनको पता रहेगा कि किस अवधारणा में पहले वो उलझे थे, इससे दोहरावे के दौरान काफी मदद मिलेगी। 'शौर्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मनीष कुमार (आइएएस, डीडीसी जमशेदपुर) ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बता दें कि मनीष कुमार खुद आइआइटियन रहे हैं।

# झारखंड में 29464 बूथों पर पीएम के डिजिटल संबोधन को सुनेंगे कार्यकर्ता

**पार्टी के सभी 513 मंडलों में होंगे कार्यक्रम**

**भोपाल से प्रधानमंत्री 27 जून को 10.30 बजे पूर्वाह्न करेंगे संबोधित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने बताया कि भाजपा ने देश भर के कार्यकर्ताओं के लिए डिजिटल रैली का आयोजन किया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल से इस रैली को प्रातः 10.30 बजे संबोधित करेंगे। डॉ वर्मा ने बताया कि झारखंड के सभी 29464 बूथों पर पार्टी के कार्यकर्ता डिजिटल लिंक के माध्यम से प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनेंगे। प्रदेश के सभी 513 सांगठनिक मंडलों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। बताया कि यह एक अनूठा कार्यक्रम है, जो डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को साकार कर रहा। उन्होंने कहा कि झारखंड के 80 चयनित कार्यकर्ता भोपाल में प्रधानमंत्री को प्रत्यक्ष सुनेंगे।

## योग साधना एवं कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ

**रांची (आजाद सिपाही)।** एकल अभियान, श्रीहरि सत्संग समिति रांची द्वारा मारवाड़ी आरोग्य भवन 1, बरियातू रोड रांची में योग साधना एवं कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं प्रभु श्री राम के चरण कमलों में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में योग गुरु महेंद्र राज के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को योग आसन, प्राणायाम का महत्व को बताते हुए योगाभ्यास भी कराये। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि नियमित रूप से योग, आसन, प्राणयाम करने से व्यक्ति मानसिक शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहता है।

इससे हृदय को भी स्वस्थ रखने, रक्त शुगर को कम रखने, बैड या खराब कोलेस्ट्रॉल को कम रखने और अच्छे या गुड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने में भी मदद मिलता है। नियमित रूप से योग करने से पुराने कमर दर्द से राहत मिलती है और योग हमारी हड्डियों और जोड़ों को लचीला बनाये रखता है। यह पुराने दर्द को नियंत्रित रखने में भी सहायक होता है। इसलिए हम सभी को अपने योग ऋषियों की भांति प्रत्येक दिन अपना जीवन पद्धति में योगाभ्यास लाना अनिवार्य ही नहीं अति अनिवार्य है।

इस कार्यक्रम में सतीश तुलस्यान संस्कार शिक्षा के राष्ट्रीय प्रभारी एवं अध्यक्ष श्रीहरि सत्संग समिति रांची, बबीता जालान श्रीहरि सत्संग समिति रांची चैप्टर सचिव, संगीता चितलांगिया, गजानंद अग्रवाल, संतोष मोदी के साथ-साथ केंद्रीय अधिकारी जीतू पाहन एवं अपने मां भारती के नित्य प्रति से सेवारत रहने वाले कार्यकर्ता व्यास भाई बहनों की उपस्थिति हुई। इसे सम्मान कार्यक्रम में अपने सभी कार्यकर्ताओं मकर संक्रांति उपहार योजना से सम्मानित किया गया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## महत्वपूर्ण न्यूज

### इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के बीच किया गया एमआयू



रांची (आजाद सिपाही)। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र नयी दिल्ली और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के बीच विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की उपस्थिति में सोमवार को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इसका उद्देश्य दोनों संस्थाओं के सहयोग से जनजातीय साहित्य और संस्कृति के उन्नयन के लिए शोधपरक अध्ययन करना है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय की ओर से रजिस्ट्रार डॉ. नमिता सिंह और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की ओर से आइजीएनसीए नयी दिल्ली के जनपद संपदा विभागाध्यक्ष डॉ. के अनिल कुमार ने हस्ताक्षर किये। इस मौके पर विश्वविद्यालय के टीआरएल विभाग के अध्यक्ष प्रो डॉ बिनोद कुमार, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ सपम रणबीर सिंह, संत जेवियर्स कॉलेज, रांची के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. कमल कुमार बोस, झारखंड सरकार के कला और संस्कृति विभाग के पूर्व उप-निदेशक डॉ हरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की सुमेधा सेनगुप्ता, बोलो कुमारी उरांव आदि उपस्थित थे।

### 27 से 29 जून तक आम महोत्सव का आयोजन

रांची(आजाद सिपाही)। नाबार्ड द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में क्रियांवित वाडी परियोजना तथा किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हर साल नाबार्ड द्वारा आम महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें किसानों को बेहतर लाभ सुनिश्चित करते हुए उपभोक्ताओं को सीधे बिक्री का अवसर मिलता है। आम महोत्सव का आयोजन 27 से 29 जून, 2023 तक झारखंड राज्य सहकारी बैंक, शहीद चौक, रांची में किया जा रहा है। इस महोत्सव में नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं से बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, साहिबगंज, देवघर, गुमला, लातेहार, खूंटी, गिरिडीह जिले के किसान आम की विभिन्न किस्म जैसे मालदा, आम्रपाली, मल्लिका, दशहरी और हिमसागर के साथ भाग लेंगे। साथ ही, चूंकि वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज के रूप में मनाया जा रहा है, इसलिए आम के साथ-साथ किसानों द्वारा उत्पादित मोटे अनाज और अन्य कृषि उत्पाद जैसे सब्जियां, अचार, घी, सरसो तेल आदि भी बिक्री के लिए रखे जायेंगे। इससे पहले दो दिवसीय आम महोत्सव का आयोजन 17 और 18 जून 2023 को नेशनल गेम्स हाउसिंग कॉम्प्लेक्स (एनजीएचसी), खलेगांव, रांची में नाबार्ड द्वारा किया गया था। इस महोत्सव में किसान 95 क्विंटल आम और अन्य उत्पाद बेचकर 8 लाख रुपये की अच्छी कमाई करने में सफल रहे। यह आयोजन बेहद सफल रहा और स्टॉलों पर काफी भीड़ देखी गयी। महोत्सव का उद्घाटन 26 जून 2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे किया जायेगा।

### टेंडर हार्ट के छात्रों का नेशनल कराटे चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन



रांची(आजाद सिपाही)। टेंडर हार्ट विद्यालय के छात्रों ने नेशनल कराटे चैंपियनशिप में 2 गोल्ड एवं 1 ब्रोंज मेडल हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं के छात्र राहुल रंजन ने कराटे कुमुती एवं काता( 16-17 वर्ष ग्रुप) में क्रमशः दो गोल्ड में कब्जा जमाया। वहीं सचिन कुमार साहू ने 100 मीटर स्प्रिंट रनिंग में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। ज्ञात हो कि 23-25 जून तक धनबाद में आयोजित इस प्रतियोगिता में पूरे देशभर से सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। टेंडर हार्ट के निदेशक श्री सुधीर तिवारी एवं प्राचार्या उषा किरण झा ने दोनों छात्रों को बधाई दिया। उंन्होने बताया कि विगत वर्षों से टेंडर हार्ट के विद्यार्थी पूरे देशभर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीत हासिल कर रहे हैं और आगामी दिनों में विद्यालय में दी जा रही सुविधाओं से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेंगे।

## कार्यक्रम : रांची में अखिल भारतीय भुइयां समाज का सम्मेलन

# विसंगतियों को दूर कर भुइयां जाति के लोगों को अनुसूचित जाति का लाभ शीघ्र: आलमगीर आलम

**भुइयां समुदाय के सभी लोगों को अनुसूचित जाति का लाभ देने के लिए 2019 में पारित कैबिनेट का प्रस्ताव अब तक लागू न होने से निराशा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य और पंचायती राज मंत्री और झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा है कि 2019 में झारखंड सरकार की कैबिनेट द्वारा भुइयां जाति की सभी उपाधि प्राप्त जातियों को अनुसूचित जाति का लाभ देने के लिए पारित प्रस्ताव का चार साल बाद भी व्यावहारिक अनुपालन नहीं होना गंभीर चिंता की बात है। श्री आलम ने कहा कि वह शीघ्र ही इस मामले में भुइयां जाति को अनुसूचित जाति का लाभ दिलाने का प्रयास करेंगे। राजधानी के मोरहाबादी में अखिल भारतीय भुइयां समाज के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री आलम ने कहा कि लोकतंत्र, समानता और सभी का विकास कांग्रेस पार्टी का मूलभूत सिद्धांत है और इन्हीं सिद्धांतों के प्रति समर्पित होकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की थी। श्री आलम ने विश्वास दिलाया कि भुइयां जाति के सभी लोगों को अनुसूचित जाति का लाभ नहीं मिलने के कारणों की तह तक वह जायेंगे और न केवल भुइयां, बल्कि झारखंड में जितनी भी अनुसूचित जाति और जनजाति है, उन सभी को उसका संवैधानिक अधिकार दिलवाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरीके से संकल्पित है।

सम्मेलन में अपने संबोधन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार में दूरदर्शिता, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण और समाज के सभी वर्गों को उसका अधिकार दिलाने के प्रति नकारात्मक विचार थे, लेकिन यूपीए की सरकार आने के बाद झारखंड सरकार सही दिशा में काम कर रही है। श्री ठाकुर ने कहा कि ब्यूरोक्रेसी के उन अफसरों तथा वैसे तत्वों को पहचान कर अविलंब कदम उठाने की जरूरत है, जिनके कारण चार साल पहले झारखंड कैबिनेट से पारित प्रस्ताव का जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन अब तक नहीं हो सका है। सम्मेलन में कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड के विभिन्न जिलों में फैली हुई भुइयां जाति की पाइक, खंडित पाइक, खंडित, प्रधान, कोटवार, मांझी, देहरी, क्षत्रिय, छतरिया, गरही, गड़ाही, खंडित भुइयां आदि उपाधि प्राप्त अनुसूचित जाति के लोग आज स्वतःस्फूर्त रांची में जुटे हैं और उनकी एकमात्र मांग अपने संवैधानिक अधिकारों की प्राप्ति है। श्री तिर्की ने कहा कि झारखंड के लिए यह घोर निराशा की बात है कि जिन लोगों के लिए झारखंड का गठन किया गया था, उन्हें उनका अधिकार अब तक नहीं मिला है।

समारोह में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज 18 साल गुजरने के बाद भी यदि समस्या का समाधान नहीं हो पाया है, तो हमें अपने अंदर झांकने की जरूरत है। समारोह में अपने संबोधन में अखिल भारतीय भुइयां समाज के अध्यक्ष मेघनाथ नाइक ने कहा कि भुइयां समाज ने हमेशा देशहित और झारखंड के हित में काम किया है, परंतु ब्यूरोक्रेसी की कुछेक त्रुटियों के साथ ही कुछेक अन्य अज्ञात बाधाओं के कारण भुइयां समाज के लाखों लोगों को उनका संवैधानिक अधिकार नहीं मिलना बहुत दुखद है। सम्मेलन को मुरलीधर कोटवार, उदय प्रताप सिंह, रामकृपाल प्रधान, दुगार्नाथ पाइक, जगन्नाथ नायक, हरिश्चंद्र मांझी, मनोज पाइक, आकाश खंडित, नीलांबर सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

# अन्नपूर्णा देवी कल करेंगी मिराई फर्टिलिटी का उद्घाटन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ सर्बजया सिंह द्वारा संचालित मिराई फर्टिलिटी एंड आई वी एफ सेंटर का उद्घाटन अन्नपूर्णा देवी, शिक्षा मंत्री, भारत सरकार करेंगी। रांची में स्थित यह स्टेट-ऑफ-द-आर्ट सेंटर राज्य में लगातार बढ़ रही फर्टिलिटी समस्याओं को हल करने में बहुत प्रभावी रहेगा। इसके बेहतरीन तकनीक, आधुनिक सिस्टम इन्क्यूबेटर्स और डॉ सर्बजया का फर्टिलिटी के क्षेत्र में एक दशक से अधिक का अनुभव रांची और समस्त झारखंड के लिए अत्यधिक लाभदायक साबित होगा। आमतौर पर इस समस्या के बेहतर इलाज के लिए झारखंड निवासियों को राज्य से बाहर जाना पड़ता है, जो न सिर्फ एक महंगा विकल्प है, बल्कि इसमें वक़्त और प्रयत्न भी अत्यधिक लगता है। मिराई फर्टिलिटी एंड आइवीएफ सेंटर आपके मां-बाप बनने के सपने को किफायती फीस और एडवांस्ड सुविधाओं के जरिये पूरा करने का संकल्प रखता है।

# एसबीयू में चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल 2023 का शानदार समापन

**तीन दिनों में कुल 60 चयनित फिल्मों का हुआ प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में चित्रपट झारखंड द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय फिल्म फेस्टिवल का गत रात भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया। सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस तीन दिवसीय विशेष आयोजन में कुल 60 फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। फिल्म के सभी निर्माता-निर्देशकों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया गया। महोत्सव के लिए निर्धारित विषयों में जनजातीय समाज, झारखंड स्वतंत्रता संग्राम, वोकल फॉर लोकल, झारखंड का इतिहास, ग्राम विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, सामाजिक सद्भाव, रोजगार सृजन, भविष्य का भारत आदि थे। इसी के साथ कैंपस फिल्म में ज्यूरी अवार्ड फिल्म शी नोजएवरीथिंग जिसके डायरेक्टर - साहब आफताब। कैंपस फिल्मों से श्रेष्ठ अभिनेत्री ज्यूरी अवार्ड जाता है - फिल्म ए डिप्रेस्ड बॉय की अभिनेत्री याशिका कामिनी, जो सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची की छात्रा है। कैंपस कैटेगरी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवार्ड जाता है एडिप्रेस्ड बॉय फिल्म के सफल अभिनेता हिमांशु विश्वकर्मा को जो - सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची कैंपस के छात्र हैं। कैंपस केटेगरी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवार्ड फिल्म रीमा के वहुमुर्खी व प्रतिभाशाली अभिनेत्री रीमा कुमारी को दिया गया। इसी के साथ आगे बढ़ते हुए कैंपस फिल्मों - ए डिप्रेस्ड बॉय -जिसके निर्देशक जिज्ञासु राज और निर्माता हिमांशु कुमार, दुपट्टा - जिसके निर्देशक है साहिल अनीश, रीमा - जिसके निर्देशक - मेघा मुंडा एवं अंशु तिर्की हैं। तीनों सर्वश्रेष्ठ अवार्ड सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ गोपाल पाठक के द्वारा दिया गया। इसी के साथ कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने कहा कि छात्रों का इतना उत्साह देख कर अगले साल जनवरी से 6 महिने का फिल्म मेकिंग के ऊपर डिप्लोमा सर्टिफिकेट कोर्स लाने जा रहे हैं। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, चित्रपट झारखंड के नंद कुमार सिंह, डॉ सुशील कुमार अंकन, राकेश रमण, पुलिन मित्र, शैलेंद्र भट्ट, सुमित मित्तल, नवीन सहाय, संजय आजाद तथा डॉ दीपक प्रसाद, डॉ सुबानी बाड़ा, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, सीएस महथा के साथ सरला बिरला विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक, पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरोही आनंद, निखिल कुमार और मानसी सिंह के द्वारा किया गया।

भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
सं. 2022/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/532 नई दिल्ली, दिनांक : 26.06.2023
निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532 के लिए शुद्धि पत्र सं. 9
विषय :– सरकारी विनिर्माण इकाइयों एवं ट्रेनसेट डिपुओं के अपग्रेडेशन सहित वितरित शक्ति प्रणाली वाले नए जनरेशन के ऊर्जाक्षम वंदे भारत ट्रेनसेटों के विनिर्माण–सह–अनुरक्षण के लिए दिनांक 30.06.2023 को खोली जाने वाली ई–निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532.
विषयगत निविदा को खोले जाने की तारीख 30.06.2023 (शुक्रवार) से स्थगित कर के 31.07.2023 (सोमवार) कर दी गई है।
भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अतिरिक्त ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।
कार्यपालक निदेशक/रेल भंडार (आरएस)
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001
ईमेल–drsm@rb.railnet.gov.in
आज़ादी का अमृत महोत्सव
1962/2023
G20
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

G20 भारत 2023 INDIA
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव



# एक साथ 5 वंदे भारत का देशवासियों को उपहार



मानचित्र निर्धारित मापदण्ड के अनुसार नहीं



## देश के सभी रेल-विद्युतीकृत राज्यों तक पहुंची वंदे भारत

### भोपाल (रानी कमलापति) - इन्दौर वंदे भारत एक्सप्रेस

- भोपाल का महाकाल नगरी उज्जैन के साथ तीव्र संपर्क
- भोपाल–इंदौर के बीच की यात्रा के समय में 1 घंटे की बचत
- बौद्ध धर्म की महत्वपूर्ण यूनेस्को हेरीटेज साइट साँची एवं भीमबेटका तथा भोजपुर व इन्दौर के पास स्थित माण्डू और ओंकारेश्वर के पर्यटन को बढ़ावा

### भोपाल (रानी कमलापति) - जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस

- भोपाल–जबलपुर के बीच की यात्रा के समय में लगभग 1 घंटे की बचत
- भोपाल के पास पचमढ़ी, तवा डैम एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व तथा जबलपुर के पास चौसठ योगिनी मंदिर, भेड़ाघाट, धुआंधार वॉटरफॉल, कान्हा नेशनल पार्क के पर्यटन को बढ़ावा
- भोपाल और जबलपुर के बीच तेज, आरामदायक और शानदार यात्रा का अनुभव

का हरी झंडी दिखाकर एवं

### राँची - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस

- बिहार एवं झारखण्ड राज्य की पहली वंदे भारत ट्रेन। दोनों राजधानियों के बीच ट्रेन का सफर हुआ 1 घंटा 45 मिनट कम
- दुर्गम पहाड़ियों को काटकर बने बरकाकाना से राँची (वाया सिधवार एवं शाँकी) के नये रूट में चलने वाली पहली यात्री ट्रेन
- राँची एवं आसपास के निवासियों को गुरू गोविन्द सिंह जी की जन्मस्थली पटना साहिब, भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली बोधगया एवं पितरों की मोक्षस्थली गया की सुगम यात्रा

### धारवाड़ - केएसआर बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस

- धारवाड़–केएसआर बेंगलुरू के बीच की यात्रा के समय में 1 घंटे की बचत
- उत्तर कर्नाटक के प्रवेश द्वार हुब्बल्लि–धारवाड़ की देश की सिलिकॉन वैली एवं स्टार्टअप राजधानी बेंगलुरू से तेज कनेक्टिविटी
- व्यापार और वाणिज्य के केंद्र हुब्बल्लि और शैक्षणिक केंद्र धारवाड़ में युवाओं के लिए शिक्षा व रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

### गोवा (मडगांव) - मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस

- गोवा की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस
- गोवा–मुंबई के बीच की यात्रा के समय में 1 घंटे की बचत
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा, अब पर्यटक ले सकेंगे पश्चिमी घाट के शानदार नजारों का आनंद

का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से

**शुभारम्भ**

## नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
द्वारा

**गरिमामयी उपस्थिति**

**मंगुभाई छ. पटेल**
राज्यपाल, मध्य प्रदेश

**सी.पी. राधाकृष्णन**
राज्यपाल, झारखण्ड
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा)

**थावर चंद गहलोत**
राज्यपाल, कर्नाटक
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा)

**पी.एस. श्रीधरन पिल्लई**
राज्यपाल, गोवा
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा)

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

**सिद्दरामय्या**
मुख्यमंत्री, कर्नाटक
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा)

**डॉ. प्रमोद सावंत**
मुख्यमंत्री, गोवा
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा)

**प्रल्हाद जोशी**
केन्द्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा)

**अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**अन्नपूर्णा देवी**
केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा)

DD NEWS डीडी न्यूज़ पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

27 जून, 2023 | प्रात: 09:30 बजे | रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, भोपाल

**भारतीय रेल**
www.indianrailways.gov.in

## तमाड़ के बूथ नं. 210 कासम बुरुडीह में भाजपा ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** सोमवार को तमाड़ प्रखंड के बूथ न. 210 कासम बुरुडीह में भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान बूथ अध्यक्ष सुबोधकांत मुंडा के नेतृत्व में चलाया गया। महाजनसंपर्क अभियान में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा तथा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे। मोदी सरकार के नौ वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की जानकारी आम जनों को देने हेतु जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों के बीच नौ वर्ष की उपलब्धि संबधी पर्चा बांटा गया। साथ ही घर घर स्टीकर साटा गया। जनसंपर्क अभियान के पश्चात राम मंदिर में एक सभा आयोजित की गयी, जहां सैकड़ों महिला-पुरुष भाग लिये। सभा में मोदी सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धि की जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि इन नौ वर्षों में गरीबों और वंचितों का सम्मान, किसानों के लिए कल्याणकारी योजनाएं सुनिश्चित की, नारी शक्ति के लिए नई गति प्रदान करना, भारत के अमृत पीढ़ी को सशक्त करना, मध्यम वर्ग के लिए जीवन में सुगमता, सभी के लिए सस्ती पहुंच के भीतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति को सशक्त करना, भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में विकसित करना आदि के साथ ही कई कल्याणकारी कार्य शामिल हैं, जो जनहित और देश हित में चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा, महावीर सोनी, बसंती देवी, सुकरु देवी, अहल्या देवी, टुसुमनी देवी, द्रोपदी देवी, तारा देवी, उर्मिला देवी, नागर लोहरा, महेश्वर स्वांसी, भूवनेश्वर मुंडा, गणेश साहू, साधु लोहरा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिष्टाटांड़ गांव के सुदेश महतो को ब्लैक बेल्ट का पहला डान से नवाजा गया



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसवां के ईचागढ़ प्रखंड के अंतर्गत बिष्टाटांड़ गांव निवासी रंजीत कुमार महतो का बेटा, कराटे खिलाड़ी सह प्रशिक्षक सुदेश कुमार महतो को भी ब्लैक बेल्ट रैंक का पहला बेल्ट 'डान' से नवाजा गया। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तत्वावधान में बहुबाजर बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में इमा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में प्रशिक्षित सभी कराटे खिलाड़ियों को उनके रैंक के अनुसार एकेडमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा के द्वारा ब्लैक बेल्ट से नवाजा गया। बता दें कि सुदेश कुमार महतो सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं, जहां पर कराटे का कोई प्रशिक्षण नहीं दिया जाता है। उन्होंने कड़ी मेहनत से रांची स्थित इंटरनेशनल मार्शल आर्ट्स एकेडमी से मार्शल आर्ट सीखा एवं अभी तक हर रैंक में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन को दिखाया। इसके इस प्रदर्शन से एकेडमी के निदेशक काफी खुश हुए एवं आगे के लिए शुभकामनाएं भी दी। यह खुशी बस एकेडमी तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि गांव के मोहल्ले तक पहुंच गयी और बधाई का तांता लग गया। सुदेश कुमार महतो की सफलता पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो, सोड़ो पंचायत के मुखिया नयन सिंह मुंडा, पूर्व वर्ड सदस्य निमाई चंद्र महतो आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## तिलाई पिड़ी गांव में ग्रामीणों ने की ग्राम पूजा



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तिलाई पिड़ी गांव के ग्राम थान स्थान में सोमवार को ग्रामीणों ने ग्राम की सुख-शांति व फसल की अच्छी पैदावार के लिए ग्राम पूजा की। गांव के पाहान पुष्कर महतो, प्रधान महतो और अशोक महतो ने ग्राम देवता की पूजा-अर्चना कर खुश करने के लिए एक ही रंग के मुर्गे, बकरा, भेड़ की बलि दी।

## चित्रपट झारखंड के तहत आयोजित हुए फिल्म महोत्सव में खलारी के अभिनंदन राम हुए सम्मानित



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला यूनिवर्सिटी में चित्रपट झारखंड के तहत आयोजित हुए फिल्म महोत्सव में खलारी के अभिनंदन राम की झारखंड जनजाति संस्कृति थीम पर बनी नागपुरी लघु फिल्म 'बीरूवा ए विपेज स्टोरी' को काफी सराहा गया है। इसके लिए फिल्म के निर्देशक व निर्माता अभिनंदन राम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अभिनदंन राम ने बताया कि फिल्म महोत्सव में शॉर्ट फिल्म एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई। जिसमें झारखंड के कई जगहों से आए लोगों ने शॉर्ट फिल्म एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की स्क्रीनिंग की। साथ ही उन्होंने बताया कि सम्मान मिलने से उनका हौसला बढ़ा है। नागपुरी फिल्मों में अपना कैरियर बनाना उनका लक्ष्य है। वर्तमान में रांची व लातेहार जिले से सामाजिक-संस्कृति संबंधित फिल्म पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी नागपुरी लघु फिल्म 'बीरूवा ए विपेज स्टोरी' दर्शकों को काफी पसंद आएगी।

## मैकलुस्कीगंज पुलिस ने फरार अपराधी सचिन लोहरा को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज थाना कांड संख्या 21/23 के फरार मुजरिम सचिन कुमार लोहरा पिता गुड्डू लोहरा, महावीर नगर खलारी को मैकलुस्कीगंज पुलिस ने लुटे गए सामानों के साथ गिरफतार कर जेल भेज दिया। मैकलुस्कीगंज पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि गिरफतार अभियुक्त के पास से स्क्रीन टच मोबाइल एवं उसकी निशानदेही एवं जानकारी दिए जाने पर खलारी रेलवे स्टेशन के बगल से सुहैल अंसारी पिता मुस्लिम अंसारी के घर से खलारी थाना क्षेत्र से लूटी गई मोटरसाइकिल जेएच 01 सी 7750 एवं मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र से लूटी गई यामा एफजेड बाइक नम्बर जेएच 01 डीडब्लु 9528 को बरामद किया। सुहैल अंसारी फरार है ,जिसकी गिरफतारी के लिए पुलिस प्रयासरत है। इस पूरे अभियान में थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, अवर निरीक्षक मिर्जा सोरेन सहित थाना के जांबाज आरक्षी शामिल थे। ज्ञात हो कि पिछले दिनों खलारी रेलवे स्टेशन में कार्यरत स्टेशन मास्टर जो रात की ड्यूटी के लिए मैकलुस्कीगंज आवास से खलारी जाने के क्रम में हुटाप के पास लूट की घटना हुई थी।

## बीरबांकी में तीन दिनों से बिजली आपूर्ति ठप

**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की प्रखंड के बीरबांकी में पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। जिससे लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। मोबाइल तक चार्ज नहीं हो पा रहा है। पिछले सप्ताह भी एक सप्ताह तक बिजली गुल थी। हल्की बारिश होने पर बिजली कट जाती है। जिससे इस सुदूर जंगली इलाकों में लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। अड़की से ही यहां बिजली आती है। लोग शिकायत करते हैं लेकिन अमल नहीं किया जाता है। इससे लोगों में आक्रोश है।

### प्रेस कांफ्रेंस : खूंटी जिला उपायुक्त ने दी जिले की विकास योजनाओं की जानकारी

# 175 करोड़ रु. की लागत से होगा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली का विकास

**शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, इरिगेशन, रूरल रोड कनेक्टिविटी, आंगनबाड़ी केंद्र और अन्य क्षेत्रों में विकास कार्यों के क्रियान्वयन के लिए एक्शन प्लान तैयार**

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू के लिए एक्शन प्लान तैयार किया गया है। 175 करोड़ की लागत से उलिहातू का विकास किया जाएगा। ये बातें उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को खूंटी परिसदन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि उलिहातू के विकास से क्षेत्र का भी सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। उलिहातू के समग्र विकास से इसे उदाहरण के रूप में विकसित करने की योजना है। जिले की विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए डीसी ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, इरिगेशन, रूरल रोड कनेक्टिविटी, आंगनबाड़ी केंद्र और अन्य क्षेत्रों में विकास कार्यों के क्रियान्वयन के लिए एक्शन प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि पीएचसी में प्रस्तावित स्वास्थ्य सेवा जनरल ओपीडी, आयुष क्लीनिक, प्रसवपूर्व देखभाल, एनसीडी क्लिनिक, फामेर्सी, सिकल सेल परीक्षण, 24 घंटे कका आपातकाल और एंबुलेंस सेवा बहाल की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि मुख्य रूप से दो विद्यालयों पीएस कंट्रापीरी स्कूल और एमएस उलिहातू कन्या विद्यालय की आधारभूत संरचना को विकसित किया जाएगा। डीसी ने बताया कि उलिहातू गांव के हर घर का विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। विशेष रूप से उलिहातू के एक गांव बर्गी में लगभग 70 घर हैं, जिसे हाल ही में सफलतापूर्वक बिजली ग्रिड से जोड़ा गया है। बताया गया कि लगभग 30 किमी रोड कनेक्टिविटी का एक्शन प्लान तैयार किया गया है। इसके साथ ही सिंचाई की व्यवस्था को लेकर कार्य योजना के आधार पर कार्य किए जा रहे हैं। इनमें इंटेक वेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, वियर व अन्य संरचनाओं को विकसित करते हुए मल्टी विलेज स्कीम के साथ ही पेयजल और सिंचाई की परियोजनाएं क्रियान्वित किए जायेंगे। उलिहातू में किसानों को उन्नत कृषि गतिविधियों को जोड़ने के उद्देश्य से ड्रैगन फल, चीकू और बागवानी फसलों जैसी उच्च उपज और उच्च मूल्य वाली फसल को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रेस वार्ता में उपायुक्त ने शिक्षा, कृषि, मनरेगा, कल्याण, जल जीवन मिशन, आजीविका सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

### पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा उलिहातू

डीसी ने बताया उलिहातू को पर्यटन का आकर्षण केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। साथ ही खेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए इस क्षेत्र में भी विकास कार्य किए जाएंगे। इसमें एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम के निर्माण भी प्रस्तावित है। उलिहातू में पर्यटकों के लिए पहले के पर्यटक सूचना केंद्र को कन्वेंशन सेंटर के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। उपायुक्त ने बताया कि इससे जनजातीय संस्कृति को संरक्षित करने के साथ-साथ इसका विकास भी संभव होगा। साथ ही उलिहातू में पर्यटन विकास से स्थानीय रोजगार सृजन के अवसर उपलब्ध होंगे। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना से जनजातीय विकास के उद्देश्यों को पूर्ण करने का उद्देश्य है। फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट को विकसित किए जाने की योजना है, विशाल वनस्पतियों और जीवों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र की जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए स्थानीय वन उत्पादन, बागवानी एवं संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## बिरसा कॉलेज खूंटी में इंटरमीडिएट में नामांकन बंद करने के खिलाफ विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन

**मांगों से संबंधित ज्ञापन कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या को सौंपा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** बिरसा कॉलेज खूंटी में इंटरमीडिएट में नामांकन बंद होने और कॉलेज की अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सोमवार को बिरसा कॉलेज में धरना-प्रदर्शन किया गया और मांगों से संबंधित ज्ञापन कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या को सौंपा गया।

धरना-प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे एबीवीपी के विभाग संयोजक प्रेम प्रतीक, छात्रा प्रमुख खुशबू हेमरोम और कमलेश महतो ने बताया कि यूजीसी के आदेश के कारण डिग्री कॉलेज में इंटर की पढ़ाई बंद कर दी गई है। बिना वैकल्पिक व्यवस्था के अचानक बिरसा कॉलेज में इंटर में नामांकन बंद होने से जिले के विद्यार्थी परेशान हैं। जिले में ज्यादातर विद्यार्थी सुदूरवर्ती क्षेत्रों के रहने वाले हैं।

इस वर्ष मैट्रिक पास कर जिले के इंटर कॉलेज में नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों की संभावित संख्या पांच हजार से अधिक है। अधिकतर विद्यार्थियों की आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण रांची जैसे बड़े शहरों में उनके लिए पढ़ाई करना संभव नहीं हो पाएगा। ऐसे में कहीं उनकी पढ़ाई बीच में न रुक जाए, यह डर जिले के हजारों विद्यार्थियों को सता रहा है। विद्यार्थियों की इन समस्याओं और उनके हित को ध्यान में रखते हुए इंटर में नामांकन प्रक्रिया दोबारा से संचालित हो इस मांग को लेकर विद्यार्थी परिषद ने धरना प्रदर्शन का आयोजन किया।

धरना-प्रदर्शन में प्रकाश टूटी, राहुल कुमार, अशोक टूटी, गुलाब महतो, आदर्श राज, शिल्पा कुमारी, सोनामी टूटी, प्रवीन, लक्ष्मी, सहिंदर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## साप्ताहिक हाट के दौरान गिरा पेड़ की डाली, तीन जख्मी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी बाजार टांड़ में सोमवार को साप्ताहिक हाट के दौरान पेड़ की सूखी डाली के टूटकर गिर जाने से कई लोग बाल-बाल बच गए, जबकि डाली की चपेट में आने से तीन लोग घायल हो गए। इस घटना में घायल मुरहू थाना के भोंडा निवासी सोमरा प्रधान ने बताया कि वह साप्ताहिक हाट में सामान खरीदने आया था। उसी दौरान सेमल की सूखी मोटा डाली टूटकर गिर गई। इससे उसके सिर पर चोट लगी और वह बेहोश हो गया। अस्पताल आने के बाद ही उसे होश आया पत्यक्षदर्शी भोंडा गांव के ही जागरण डांग ने बताया कि बाजार के सामने पेड़ का सूखी मोटी डाली टूटकर भीड़ के बीच गिर गई। इससे कई लोगों को चोट लगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि नागरिक उस सूखी डाली को कटवाने के लिए नगर पंचायत और जिला प्रशासन से आग्रह किया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया गया कि कचहरी परिसर सहित शहर के इलाकों में सूखे पेड़ और डालियां खतरों को आमंत्रित कर रही है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित

**मैंगो डे का भी हुआ आयोजन बच्चों ने जमकर की मस्ती**

आजाद सिपाही संवाददाता




**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विद्यालय परिसर में प्राचार्य राजीव रंजन झा एवं विद्यालय के नौवी कक्षा के छात्र छात्राओं ने विद्यालय परिसर के आसपास साफ सफाई किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए शरीर की साफ सफाई के साथ ही वातावरण की साफ सफाई करना आवश्यक है। उन्होंने कहां कि प्रकृति हमें निरंतर बिना स्वार्थ के अपना सब कुछ देते हैं ठीक उसी प्रकार हमें भी प्रकृति की रक्षा करना चाहिए। मनुष्य अपने जीवन काल में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए,जिससे पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सके। इस कार्यक्रम में नवम कक्षा के छात्र छात्राएं और शिक्षक मौजुद थे। इधर विद्यालय परिसर में कक्षा एलकेजी यूकेजी प्रथम एवं द्वितीय वर्ग के छात्र छात्राओं ने मैंगो डे मनाया,जिसमें विद्यालय की छात्र छात्राओं ने फलों के राजा आम को लेकर कविताएं सुनाई,साथ ही

## मौसी बाड़ी बुंडू में तीन दिवसीय हरि नाम संकीर्तन शुरू

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** मौसी बाड़ी बुंडू में तीन दिवसीय हरि नाम संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। सोमवार को ताऊ मुखिया रोशनी लंग ने फीता काटकर हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ किया। इस कीर्तन दल में छह जगह से आए हुए कीर्तन दल 24 घंटा हरिनाम संकीर्तन करेंगे।

### बैठक : मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण को लेकर की गयी चर्चा

# प्रशिक्षित युवाओं को हर माह बेरोजगार भत्ता के तहत मिलेंगे 1500 रुपये

**प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सौ प्रतिशत पैलेसमेंट दिया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** प्रखंड के सीडीपीओ कार्यालय सभागार में सोमवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत जरूरतमंद युवा-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण को लेकर एसजीआइस एकेडिमक के जोनल मैनजर मुकुल मोयनल बारला, जिला स्कील मैनेजर गंगा सागर पाल ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक की।

जोनल मैनेजर मुकुल मोयनल बारला ने बताया कि जरूरतमंद युवा-युवतियों को तीन महीने का स्किल स्कील डेवलवमेंट कोर्स निशुल्क कराया जाता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सौ प्रतिशत पैलेसमेंट दिया जायेगा।

यह दसवीं से बारहवीं तक के युवा-युवतियों का निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण का सुनहरा अवसर है। जिसमें युवक-युवतियों को श्री कृष्णा टावर परडीह चौक मानगो, जमशेदपुर में टेलिकॉम कस्टमर फेयर एग्रीक्यूटीव, नर्सिंग, स्विंग मशीन ऑपरेटर, कम्प्यूटर ट्रेनिंग, अटोमेटिव इलेक्ट्रेक्शन, फिटर फेबकरेशन, कम्प्यूटर आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में जिला स्कील मैनेजर गंगा सागर, महिला पर्यवेक्षिका जया पाण्डेय सहित सैकड़ों आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## झारखंड मुक्ति मोर्चा ने खूंटी में चलाया मेगा सदस्यता अभियान



**खूंटी (आजाद सिपाही)** झारखंड मुक्ति मोर्चा खूंटी जिला समिति के कार्यकताओं ने सोमवार को जिला मुख्यालय के तमाड़ मोड़ में मेगा सदस्यता अभियान चलाकर कई लोगों को सदस्यता दिलाई। झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में चलाए गए सदस्यता अभियान में पार्टी के केन्द्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, सुदीप गुड़िया, डॉ हेमंत तोपनो, ऊषा धान, सुशील पहान, मगन मंजित तिडू, गुलशन सिंह मुंडा, भोलानाथ लाल, मोजिर अंसारी, अर्जुन मुंडा, प्रदीप केशरी, स्नेहलता कंडुलना, असगरी खातून, डेविड हमसोय, महेंद्र सिंह मुंडा, आलोक रितेश डुंगडुंग, संदीप तिडू, महादेव मुंडा, सलन ओड़ेया, रूबेन तोपनो, जयंत संगा, विनोद संगा, सुभाष कोंगाड़ी, विजय संगा, राजन मुंडा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 11 हजार वोल्ट का ट्रांसमिशन अंडरग्राउंड केबल जलने से खलारी में बिजली आपूर्ति ठप

**खलारी (आजाद सिपाही)।** जेबीवीएनएल के मांडर सबडिवीजन अंतर्गत बचरा सबस्टेशन से खलारी की ओर आने वाले 11 हजार वोल्ट ट्रांसमिशन लाइन का अंडरग्राउंड केबल सोमवार को जल गया। यह घटना केडी ओल्ड साइडिंग स्थित रेलवे कांटाघर के निकट घटी। इस जगह पर रेलवे लाइन के नीचे से भूमिगत केबल द्वारा 11 हजार लाइन खलारी की ओर आया है। दोपहर दो बजे के करीब एक तेज आवाज के साथ केबल जलने लगा। सुबह से 33 हजार लाइन की मरम्मती के लिए बिजली कटी हुई थी। लाइन ऑन होते ही दोपहर में केबल में आग लग गयी। केबल के जलने से बैंक आफ इंडिया खलारी शाखा, पोस्ट ऑफिस, एलआईसी कार्यालय, खलारी प्रखंड कार्यालय, डीएसपी व इंस्पेक्टर कार्यालय, विभिन्न स्कूल सहित खलारी व बाजारटांड़ के बड़ी आबादी की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। सुबह से बिजली बाधित रहने से कई घरों में पानी की समस्या भी आ गई। केबल जलने की जानकारी मिलने पर खलारी बीडीओ लेखराज नाग ने कार्यपालक विद्युत अभियंता को अवगत कराया। कार्यपालक अभियंता ने तुरंत पहल करते हुए मैकलुस्कीगंज सब स्टेशन के नावाडीह फीडर से 11 हजार वोल्ट लाइन जोड़कर बिजली आपूर्ति का निर्देश जारी किया। इसके बाद विद्युतकर्मी खलारी क्षेत्र के लिए बिजली की वैकल्पिवक व्यवस्था के लिए जुट गए हैं। देर रात तक बिजली बहाल होने की संभावना है।

## विश्रामपुर एवं तुमांग पंचायत के प्रभावित ग्रामीणों को जल्द विस्थापित करे सीसीएल प्रबंधन: रवींद्र पासवान



**खलारी (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी इंपलॉइज कॉर्डिनेशन काउंसिल के एनके एरिया अध्यक्ष रविन्द्र पासवान ने सीसीएल सीएमडी को पत्र प्रेषित कर एनके एरिया अंतर्गत विश्रामपुर एवं तुमांग पंचायत में खदान से प्रभावित ग्रामीणों को जल्द विस्थापित करने की मांग की है। पत्र के माध्यम से श्री पासवान ने उपरोक्त विषय पर कहा कि विश्रामपुर पंचायत के केडीएच खदान से प्रभावित गांव जेहलीटांड़, जामुन दोहर, करकट्टा कॉलोनी तथा तुमांग पंचायत के खिलान धौड़ा, करकट्टा दुर्गा मंडप कॉलोनी के ग्रामीण मौत के साये में जीने को मजबूर हैं। उक्त सभी गांव और टोला पूर्व में चली हुई भूमिगत खदान पर स्थित है तथा वर्तमान में इनके बगल में केडीएच खुली खदान है। आए दिन इन क्षेत्रों में भू-धंसान की घटनाएं होती रहती हैं। साथ ही बंद भूमिगत खदान से जहरीली गैस का रिसवा भी हो रहा है। इन क्षेत्रों में जगह-जगह काफी गहरी दरारें आ गयी हैं, जिसके कारण कभी भी भू-धंसान होने का खतरा बना रहता है। लोग कई तरह की बिमारियों के शिकार भी हो रहे हैं। श्री पासवान ने बताया कि पूर्व में कई बार सीसीएल प्रबंधन के द्वारा सर्वे भी कराया गया लेकिन हर बार प्रबंधन विस्थापित करने का झूठा आश्वासन देकर ग्रामीणों को ठगने का काम करते आ रहा है। अगर जल्द ही उक्त क्षेत्रों से लोगों को विस्थापित नहीं किया गया तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। वहीं उन्होने उक्त सभी प्रभावित गांवों को एक माह के अंदर पुर्नवास नीति के तहत सुरक्षित जगह पर विस्थापित करने की मांग करते हुए कहा कि अगर तय समय में सीसीएल प्रबंधन ग्रामीणों को विस्थापित करने की कार्य नहीं करता है तो काउंसिल ग्रामीणों के साथ उनके हक और अधिकार के लिए आंदोलन करने को बाध्य होगा। जिसकी सारी जिम्मेवारी सीसीएल प्रबंधन की होगी।

## 32वां सीनियर राष्ट्रीय वुशू चैंपियनशिप में चतरा जिला वुशू संघ के 10 खिलाड़ी लेंगे भाग



**खलारी (आजाद सिपाही)।** चतरा जिला वुशू संघ के 10 खिलाड़ी 32वां सीनियर राष्ट्रीय वुशू चैम्पियनशिप में भाग ले रहे हैं। 26 जून से पुणे महाराष्ट्र के छत्रपति शिवाजी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में शुरू हुए 32वां सीनियर वुशू प्रतियोगिता 30 जून तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में चतरा जिला से अविनाश गंझू, डॉली कुमारी, अंकित कुमार, विशाल गंझू, रोहित गंझू, प्रशान्त कैबरता, आर्यन सिंह, रुपलाल महतो, जेठु गंझू, भास्कर ठाकुर शामिल हैं। वहीं चतरा जिला के विभिन्न गांव और कोयलांचल से इतनी संख्या में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिये खिलाड़ियों का चयन होने पर चतरा जिला वुशू संघ के महासचिव रजी अहमद ने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामना दी हैं।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकरायी,पांच लोग घायल

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज चामा पथ पर सोमवार की सुबह एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। इस घटना में कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और कार में सवार एक सीसीएल कर्मी सहित पांच लोग घायल हो गए हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धमधमिया निवासी सीसीएल कर्मी ललन सिंह अपनी कार से रांची जा रहे थे। रामदगा के पास सड़क पर कार अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई जिसमें सभी लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चामा पुलिस पिकेट के जवान एव घायलों के परिजन पहुंचे और घायलों को मांडर अस्पताल ले गए। जहाँ से प्राथमिक इलाज के बाद सभी को गांधीनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ललन एवं वहीं अन्य लोगों को चोट लगी और उन्हें गांधीनगर अस्पताल में इलाज चल रहा है। ललन सिंह सीसीएल मुख्यालय रांची में ड्यूटी करता है। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एव सभी घायलों के परिजन अस्पताल पहुँचे और उनका हालचाल लिया।

## अनगड़ा में बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बकरीद पर्व को लेकर सोमवार को अनगड़ा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक पुलिस इंस्पेक्टर नीरज कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बकरीद का पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर मुस्तफा अंसारी, रामकृष्ण चौधरी, रोशनलाल मुण्डा, मुमताज खान आदि ने कहा कि अनगड़ा प्रखण्ड शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारगी की मिसाल है। यहां हर समुदाय के लोग पर्व-त्योहार को मिल-जुलकर मनाते हैं। कहा गया कि थाना क्षेत्र में खासकर युवा वर्ग नशे की चपेट में हैं। इन पर खास नजर रखने की जरूरत है। सदस्यों ने शांति समिति में युवाओं को विशेष तरजीह दिए जाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर थाना में पदस्थापित एएसआई सोनेलाल बेसरा को भावपूर्ण विदाई दी गई। सोनेलाल बेसरा पदोन्नत होकर एसआई बन गए हैं तथा इनका स्थानांतरण पलामू जिला में हुआ है। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, इंस्पेक्टर नीरज कुमार, थानेदार नवीन कुमार, एएसआई सचिन लकड़ा, मदन शर्मा, अमर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों व शांति समिति के सदस्यों नें शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर उन्हें सम्मानित किया तथा बधाई दी। मौके पर विरेन्द्र सिंह भोगता, जलनाथ चौधरी, रामपोदो महतो, सिद्दिक अंसारी, सलीम अंसारी, शिबु मुण्डा, बरतु मुण्डा, परवेज खान, सखीचंद महतो, मुखिया सीमा देवी, जयशंकर मुण्डा, श्रीनाथ मुण्डा, समीम खान, एतवा उरांव, सज्जाद अंसारी, धनीराम महतो, समशाद अंसारी, घनेनाथ महतो आदि मौजूद थे।

## अवैध बालू परिवहन के खिलाफ चलाया गया विशेष अभियान, बालू लदा एक हाइवा हुआ जब्त



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अवैध बालू परिवहन परिवहन के खिलाफ अनगड़ा व टाटीसिलवे पुलिस तथा खनन विभाग ने रविवार की रात विशेष छापामारी अभियान चलाया। इस क्रम में थाना क्षेत्र के राहे-चतरा रोड में अवैध बालू लदे एक हाईवा (जेएच-05के-8208) को जब्त किया गया। बताया जाता है कि जब्त हाईवा के मालिक का नाम मंशा महतो है। इधर टाटीसिलवे थाना क्षेत्र से भी अवैध बालू लदे दो हाईवा को जब्त किया गया है। इस संबंध में अनगड़ा एवं टाटीसिलवे थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## चान्हों में चोरी की तीन मोटरसाइकिलों के साथ शातिर चोर गिरफ्तार



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चोरी के तीन मोटरसाइकिल के साथ शातिर चोर मोहम्मद जुनेद पिता मोहम्मद शमीम स्थानीय निवासी चटवाल वर्तमान पता गुमला को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बीजू पाड़ा चौक के समीप चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया युवक को थाने लाकर पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो बताया कि शहर में मोटरसाइकिल चोरी कर उसे देहात में लाकर नंबर बदलते हुए बेच दिया जाता था पुलिस ने उसकी निशानदेही से कुल 3 मोटरसाइकिल को ग्राम लून्ड्री से बरामद किया जिसमें दो मोटरसाइकिल हीरो कंपनी एवं एक होंडा शाइन है संबंधित मामले में एफ आई आर दर्ज कर पुलिस ने युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया

## किसानों के बीच धान बीज का किया गया वितरण



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** सापुकेरा पंचायत सचिवालय में सोमवार पंचायत के मुखिया सविता उरांव के द्वारा कृषक महिलाओं के बीच अनुदानित दर पर धान बीज का वितरण किया गया। मौके पर उन्होंने सरकार द्वारा किसानों को अनुदानित दर पर बीज मिलने वाला योजना का लाभ उठाते हुए खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया। साथ ही कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकारी स्तर पर लगातार प्रयास हो रहे हैं। विभाग की कोशिश है कि समय पर किसानों को धान का बीज उपलब्ध कराया जा सके। ताकि पैदावार भी अच्छी हो और किसान लाभांवित हों . मौके पर मुखिया सबिता उराँव,पुर्व पंसस नसीम आलम, जेएसएलपीएस के एफटीसी सीमा सिंह, कोर्डिनेटर हीरामनी, दिपक, कार्तिक भगत समेत दर्जनो महिला किसान मौजूद थी।

## जमीन विवाद में घायल ग्रामीण की मौत

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के काटमकुली गांव में विगत 12 जून को जमीन विवाद में हुए मारपीट में गंभीर रूप से घायल एक ग्रामीण की मौत सोमवार की देर शाम इलाज के क्रम में रिम्स में हो गई। जानकारी के अनुसार काटमकुली निवासी अशोक साहु, बलराम साहु तथा दिनेश साहु को जमीन विवाद में दूसरे पक्ष के आरोपियों द्वारा हरवे हथियार से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। परिजनों द्वारा तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिये रिम्स में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के क्रम में अशोक साहु 45 वर्ष की मृत्यु सोमवार की देर शाम हो गई। घटना को लेकर ग्रामीणों में प्रशासन के उदासीन रवैया को लेकर आक्रोश व्याप्त है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों की चीत्कार से गांव में माहौल गमगीन है।

## बेड़ो में शिवम डायग्नोसिस प्वाइंट का उद्घाटन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुको गांव में बेड़ो लोहरदगा मार्ग के न्यू मार्केट कॉम्प्लेक्स में सोमवार को शिवम डायगोनोसिस पॉइंट का शुभारंभ भाजपा ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष भीखा उरांव व भाजपा नेता चंद्र किशोर उरांव ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर व फीता काटकर किया। मौके पर भीखा उरांव ने कहा डायगोनोसिस सेंटर के खुलने से यहां के लोगो को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने लोगों को इससे अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। वही संचालक राजेश कुमार ने कहा ग्रामीण आसानी से सभी रोगों के लिए सस्ते दर पर जांच करा सकते हैं। मौके पर मुखिया महावीर उरांव, पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव वार्ड सदस्य बेबी देवी,बलराम सिंह, विजय तिर्की, बंधना उरांव, खेदुवा उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

### खुलासा : पुलिस ने किया फर्जी लाइसेंस व अवैध बंदूक सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

# अवैध बंदूक और फर्जी लाइसेंस लेकर ड्यूटी कर रहे हैं बैंक एटीएम और कैश वैन के गार्ड

**गुमला पुलिस ने किया 12 बंदूक एवं 63 गोली जब्त, दो व्यक्ति गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बैंक एटीएम और कैश वैन के कुछ सुरक्षा गार्ड बड़ी संख्या में अवैध बंदूक और गोलियां रखकर नौकरी कर रहे हैं हैरत की बात तो यह है क्या जहां पर उनके पास अवैध बंदूक हैं वहीं उनके पास फर्जी लाइसेंस भी देखने को मिला है। इस संबंध में गुमला पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। वरीय पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि गुमला क्षेत्र के बैंक, एटीएम कैश वैन के आर्म्स गार्ड एवं कुछ आम लोगों के पास भी बड़ी संख्या में अवैध बंदूक और गोली है। तथा इनके पास आर्म्स लाईसेंस भी फर्जी है। लोग एक बड़े गिरोह के झांसे में आकर अवैध बंदूक, गोली का उपयोग बैंक इत्यादि में कर रहे हैं। यह सूचना इतनी सनसनीखेज थी कि पुलिस अधीक्षक के कान खड़े हो गए। उन्होंने अविलंब एक टीम का गठन किया। टीम के द्वारा गुमला और पड़ोसी जिलों लोहरदगा, सिमडेगा, रांची एवं धनबाद में इसकी खोजबीन शुरू कर दी। जांच के क्रम में नकली लाईसेंस बनाने वाले धनबाद के रेशम बहादुर श्रेष्ट उर्फ थापा एवं बंदूक गोली को धनबाद से लाकर उंचे दाम में बेचने वाले गुमला निवासी धीरज सिंह को गिरफ्तार किया गया। जब इस व्यक्ति से इसके बारे में पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इनके स्वीकारोक्ति के आधार पर कुल 12 बंदूक एवं 63 गोली पुलिस ने जब्त किया। आर्म्स मजिस्ट्रेट के सत्यापन बाद बंदूक एवं गोली को जब्त किया गया। इस संबंध में गुमला थाना में आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया। अभी मामले की तफ्तीश जारी है। बताया जा रहा है कि ढंग से जांच हुई तो बंदूक एवं गोली की संख्या और काफी बढ़ेगी। छापेमारी टीम में पुलिस टीम- पुनि सह थाना प्रभारी मनोज कुमार पुअनि विवेक चौधरी पुअनि मो. मोजम्मिल पुअनि देवदत्त कुमार सिंह शामिल थे। अभी तक 07 डीबीबीएल, 05 एसबीबीएल, कुल -12 बंदूक 12 बोर के 630 जिंदा कारतूस, 12 आर्म्स लाईसेंस, जिला आर्म्स मजिस्ट्रेट नवादा बिहार का 01 मोहर, दो मोबाइल एवं आई कार्ड बनाने का प्लास्टिक बरामद किया गया है।

## रातू समर्पण दीप बीएड कॉलेज में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस

**कॉलेज से मलमाण्डू चौक तक निकला जुलूस**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** रातू उषामातु स्थित समर्पणदीप बीएड कॉलेज में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज की ओर से रैली निकाला गयी, जो कॉलेज से उषामातु गांव होते हुए, मालमांडू चौक पहुंची। जहां कॉलेज के प्रशिक्षुओं द्वारा नुक्कड़ नाटक कर नशा से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बतलाया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो डॉ रजनीश पांडेय ने नशा से होने वाले दुष्परिणाम से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. आई.एस. होरो ने प्रशिक्षुओं को नशा से होने वाली बीमारियों को विस्तृत रुप से अवगत कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के चेयरमैन अभिषेक सिंह, सचिव नवल किशोर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास पोद्दार, प्रबंधन समिति के सदस्य जितेंद प्रसाद, विशाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, प्राचार्य प्रो. (डॉ.) रजनीश पाण्डे, विभागाध्यक्ष, दशरथ महतो आनंद कुमार भगत, शशि कुमारी तिर्की, लीना कुमारी, वासिफ शाह, कन्हैया लाल केशरी के अलावा दर्जनों लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## सड़क पर जलजमाव से ग्रामीण परेशान, नाला निर्माण की उठी मांग

**टाटीसिलवे से अनगड़ा, जोन्हा, मुरी, पुरुलिया, कोलकता जाने वाली यह एकमात्र सड़क है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** बारिश के मौसम में जगह-जगह जल जमाव के कारण सड़कों पर चलना ग्रामीणों के लिये परेशानी का सबब बनता जा रहा है। बात करते है नामकुम प्रखंड के पुरुलिया रोड टाटीसिलवे चौक पर हल्की बारिश के बाद भी सड़क पर जल जमा रहता है। जलजमाव की इस समस्या से निजात दिलाने को लेकर प्रशासन का ध्यान कई बार स्थानीय लोगों के द्वारा आकृष्ट कराया गया है, लेकिन प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं है। बता दें कि टाटीसिलवे से अनगड़ा, जोन्हा, मुरी, पुरुलिया, कोलकता जाने वाली एक मात्र सड़क है। इस वजह से टाटीसिलवे चौक काफी अतिव्यस्त चैराहा है। बावजूद इसके चौक पर नाला निर्माण नही होने से सड़कों पर जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। जिससे राहगिरों व वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आए दिन इस जलजमाव से दुर्घटना का शिकार भी होते रहते है। लेकिन प्रशासनिक स्तर पर इस समस्या के समाधान के लिये कोई भी ठोस कदम नही उठाया गया है। जिससे यहां के लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। बारिश के दौरान जलनिकासी की कोई व्यवस्था नही रहने से सड़क पर जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। आजाद सिपाही से बात करते हुये ग्राम प्रधान संघ रांची जिला अध्यक्ष उमेश कुमार बड़ाईक ने बताया कि सोमवार को हुये बारिश के कारण जलजमाव की समस्या को टाटीसिलवे चौक पर देखा जा सकता है। कहा कि जलजमाव का मुख्य कारण जलनिकासी की कोई व्यवस्था नही होना है। बारिश के दौरान इलाके जलमग्न हो जाते है। पानी निकासी के लिये नालियां नही होने के कारण सड़के जलमग्न हो जाती है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द नाली का निर्माण कराने का आग्रह किया है, नही तो वे उग्र आंदोलन का बाध्य होंगे।

मौके पर ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष उमेश बड़ाईक के साथ समाजसेवी अजीत महतो, मुकेश महतो, अमर उपस्थित थे।

## कुटे ईदगाह में सवा सात बजे पढ़ी जायेगी ईद-उल-अजहा की नमाज

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** ईद-उल-अजहा की नमाज का समय तय करने को लेकर सोमवार को कुटे स्थित बाजार चौक में मरकजी अंजुमन कमेटी जमियत-उल-मोमिनीन व इस्लाह-उल-मुस्लिमीन कुटे की संयुक्त बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य अमीर हमजा अंसारी ने की। बैठक में दोनों कमेटी के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि चांद के अनुसार कुटे स्थित मरकजी ईदगाह में 29 जून को सवा सात बजे ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की जाएगी।गौरतलब हो कि कुटे ईदगाह में आसपास के लगभग दर्जन भर गांवों के लोग बड़ी संख्या में एक साथ ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करते हैं। इस अवसर पर खालिक खान,नाजिर खान, शेख सजुद्दीन,खुर्शीद आलम,अफजल हुसैन,ख्वाजा अल्ताफ,सज्जाद अंसारी,अली इमाम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कार्यक्रम : एनएसएस समिति ने जागरूक्ता रैली निकालकर दिया नशा मुक्ति का संदेश

## देश का उज्जवल भविष्य युवाओं पर टिका है : कौशल किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** वाईबीएन विश्वविद्यालय के एनएसएस समिति ने कवाली कैंपस से नशा मुक्त झारखंड बनाने के लिये विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता रैली निकालकर नशा मुक्त करने का संदेश दिया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर सुमन कुमारी ने बताया कि छात्राओं ने लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने विभिन्न नारों के साथ ग्रामीणों को नशे के अभिशाप से बचने, परिवार और समाज को नशा मुक्त करने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसएस कोऑर्डिनेटर इ० कौशल किशोर, मौजूद थे। एनएसएस कोऑर्डिनेटर इ० कौशल किशोर ने कहा कि विश्व में रोजाना सैकड़ों लोग नशे की लत के कारण होने वाली गंभीर बीमारियों एवं नशे का सेवन करके वाहन चलाने वाले लोग अक्सर दुर्घटना के शिकार हो जाते है। हमारे देश का उज्जवल भविष्य युवाओं पर टिका है। अगर देश की युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते में जाने लगे तो निश्चित ही उनका भविष्य अंधकार में चला जाता है। युवाओं में नशे की लत हमारे समाज को खोखला कर रही है। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम अपने समाज के लोगों को जागरूक करें और नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। छात्राओं ने नशा मुक्त झारखण्ड विषय पर पोस्टर, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। साथ ही लोगों को नशा से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर प्रो चांसलर रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ.एसपी यादव , रजिस्ट्रार डॉ. रमन दुबे, एनएसएस कोऑर्डिनेटर इ० कौशल किशोर, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर सुमन कुमारी, बी.एड प्राचार्य डॉ कैलाश नाथ सिंह सभी संकाय के डीन और एचओडी मौजूद थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## अनु बेक बनीं नामकुम प्रखंड कांग्रेस कमेटी की महिला मोर्चा अध्यक्ष



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नयासराय उत्तरी पंचायत भवन में रांची जिला ग्रामीण महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुश्री गुंजन सिंह एवं रांची जिला ग्रामीण महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मेरी तिर्की ने की। बैठक में नामकुम पतरा टोली निवासी अनु बेक को नामकुम प्रखंड कांग्रेस कमेटी की महिला मोर्चा अध्यक्ष चुना गया। नयी प्रखंड अध्यक्ष अनु बेक ने कहा कि जिस विश्वास के साथ पार्टी ने ये जिम्मेवारी सौंपी है, उस पर शत प्रतिशत खरी उतरने का प्रयास करुंगी। वहीं, संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने का कार्य करुंगी। अनु बेक को महिला मोर्चा नामकुम प्रखंड अध्यक्ष बनाये जाने पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक, मुरलीधर, शोभा देवी, विमल घोष, सचिन मिश्रा, शशि टोप्पो, ओनेन बैक, विकास सिंह, बेरोनिका कच्छप, धर्मवीर, ललन सिंह, मनोज मेहता, सुधीर कच्छप, तरुण गोप, मुकेश गोप, रजनी आदि कांग्रेस कार्यकाओं ने बधाई दी है।

## निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर महिलोंग रांची एवं छात्र क्लब चिकित्सक मंच के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को ग्राम पंचायत सचिवालय जोन्हा में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि गांव के मुखिया कृष्णा मुंडा एवं समाजसेवी गुनाम मुंडा उपस्थित थे। शिविर में डॉक्टरों ने गांव के दर्जनों मरीजों की जांच कर दवा दी। शिविर मे बी.पी, सुगर, नेत्र आदि की भी जांच की गयी।डॉक्टरों की टीम ने गांव के लोगों को बरसात के मौसम में खान-पान रहन-सहन की जानकारियां दी। साथ ही संस्था की ओर से जरूरतमंद लोगों के बीच बैंडेज, कॉटन, डेटॉल, सेनेटरी पैड, कपड़े की थैली आदि वितरण किया गया। शिविर को सफल बनाने में महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.पी.आर बाखला, डॉ प्रज्ञा रंजन, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ०एंटोनी किस्कू, डॉ बी.के सिंह, सिस्टर निशा रजक, आदुरी मांझी, शांति खलको, सरस्वती मांझी, हॉस्पिटल के प्रशासनिक पदाधिकारी सत्यजीत ठाकुर, जनसंपर्क पदाधिकारी दिवा पासवान, शीतल कुमारी, संध्या कुमारी एवं छात्र क्लब चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संरक्षक सुमित कुमार, गणेश कुमार अग्रवाल, मनीष पाठक, अजय कुमार, विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार, सुबोध कुमार शर्मा, सुभाष कुमार का अहम योगदान रहा।

## इटकी क्षेत्र में एक और हाथी की मौत



**इटकी (आजाद सिपाही)।** विभागीय लापरवाही के कारण प्रखंड के कुल्ली गांव के ही अलग टोला पनफट्टा जंगल के समीप रविवार की रात एक और । हाथी की मौत हो गयी ।.उक्त हाथी पिछले कई महीनों से उत्पात मचा रखा था। .सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों ने घटनास्थल पहुंच कर हाथी के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद दफना दिया गया.। जानकारी के अनुसार करीब एक वर्ष के अंदर प्रखंड में हाथी की मौत की यह घटना तीसरी है.। इससे पूर्व 23 जुलाई 2022 को केवन्द बेड़ा व 10 अप्रैल 2023 को हरही गांव के समीप हाथी की मौत प्रथम हष्टया बिजली करंट से होने की संभावना जताई जा रही है। लेकिन साजिश के तहत भी हत्या किए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार प्रखंड के कुल्ली, भंडरा व चिनारों-पुरियो के जंगलों में हाथियों के कई झुंडों ने अपने स्थायी अड्डा बना रखा है.। चारा-पानी की तलाश में हाथी जंगलों से निकल कर बस्ती में प्रवेश करते हैं व खेतों में लगी फसलों को अपना भोजन बनाते हैं.। फसलों को हाथी से बचाने के लिये किसानों द्वारा खेत की घेराबंदी तार से की जाती है व रात में उसमे बिजली का करंट प्रवाहित कर दिया जाता है.। हाथी की मौत के बाद वन विभाग द्वारा पोस्टमार्टम का कार्य किया जाता है, । महीनों बीतने के बाद भी इसकी रिपोर्ट सार्वजनिक नही की जाती है। ज्ञात हो कि 90 के दशक से क्षेत्र के जंगल प्रभावित गांव के आसपास यह हाथी अपना भोजन तलाश करने ग्रुप में आते हैं । इतने दिनों में भी वन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है। लेकिन इस विषय पर विभाग द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किया जा चुका है। जिससे कि इन जंगली जानवरों को भोजन पानी की व्यवस्था जंगल के अंदर ही हो सके । कइ गांवों के लोगों ने बताया कि हाथी प्रतिदिन रात में इधर घूमने आते थे ।

## संयुक्त निदेशक उद्यान झारखंड रांची के आदेश को नहीं मानते हैं ओफाज के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** सरफराज अंसारी झारखंड जैविक कृषि प्राधिकार (ओफाज) के द्वारा संचालित परंपरागत कृषि विकास योजना (पी.के.भी.वाई) एवं नेशनल प्रोग्राम फॉर ऑर्गेनिक प्रोडक्शन (एनपीओपी) योजना से संबंधित सात बिंदुओं पर सूचना मांगा गया था। पीआईओ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, ओफाज के द्वारा 30 दिन के अंदर सूचना उपलब्ध नहीं कराया गया। संयुक्त निदेशक उद्यान सह प्रथम अपीलीय पदाधिकारी झारखंड रांची के समक्ष प्रथम अपील दायर किया। सीपीआईओ के द्वारा तिथि निर्धारित कर सुनवाई की गई। सुनवाई के तत्पश्चात इन्होंने आदेश दिया की पत्र प्राप्ति के दस दिनों के अंदर तिथि निर्धारित कर संबंधित संचिका/अभिलेख पत्र आदि का निरीक्षण का अवसर प्रदान करते हुए नियमानुसार सूचना उपलब्ध कराएं। इस संबंध में आरटीआई कार्यकर्ता सरफराज अंसारी का कहना है कि आदेश प्राप्त होने के दो महीनों बाद भी कोई भी पत्राचार मुझे प्राप्त नहीं हुआ है और ना ही कोई संचिका /अभिलेख पत्र, सूचना प्राप्त हुआ। इससे स्पष्ट होता है कि वरीय पदाधिकारि शशि भूषण अग्रवाल संयुक्त निदेशक उद्यान सह प्रथम अपील अधिकारी झारखंड रांची के द्वारा जारी आदेश को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) ओफाज, रांची झारखंड नहीं मानते हैं और अपने पद और पावर का दुरुपयोग कर रहे हैं। संसद द्वारा पारित सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का माखौल उड़ा रहे हैं। सूचना उपलब्ध नहीं करा कर ये भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रहे हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे। इतना ही नहीं ऑर्गेनिक खेती के नाम पर राशि का बंदरबांट किया जा रहा है। किसान ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इस विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का जांच हो जाए तो 100 करोड़ से अधिक का घोटाला सामने आएगा। यह जांच का विषय है।

